आकाशवाणी: क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार: 09.02.2026, समय: 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों को परीक्षा से आगे सोचने तथा जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता और आत्म—विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुंभ मेले से संबंधित सभी तैयारियों को अक्टूबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट से संबंधित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए इनमें तेजी लाने के निर्देश दिए।
- चम्पावत जिले में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर पशु औषधि विक्रय केंद्र खोले जांएगे।

...........

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म—विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया प्रधानमंत्री ने 'वेड इन इंडिया' अभियान का भी जिक्र किया, जो विदेश के बजाय देश में ही शादी समारोह आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

प्रधानमंत्री ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्कता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए।

**मुख्यमंत्री/कुंभ मेला समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अगले साल हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले से संबंधित सभी तैयारियों को अक्टूबर माह तक पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आज सचिवालय में आयोजित बैठक की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले के सभी प्रकार के निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय के भीतर पूरा करने को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी भी कार्य को लंबित रखने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सचिव

को अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए तकनीकी पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में बने सभी पुलों का ऑडिट किया जाए। साथ ही कुंभ क्षेत्र में स्थित सभी घाटो का सौंदर्यकरण और आवश्यकता अनुसार पुनर्निर्माण कार्य भी किया जाए। श्री धामी ने कहा श्रद्धालुओं के लिए हर की पैड़ी के साथ ही अन्य सभी घाटों में भी स्नान की समुचित व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कुंभ मेले के दौरान पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों, जल पुलिस की तैनाती के साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, सीसीटीवी, और अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने के निर्देश दिए। श्री धामी ने मेले के दौरान कानून व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन की विस्तृत कार्य योजना अलग से बनाए जाने की बात भी कही। उन्होंने आवास और टेंट सिटी की तैयारी समय से पूरी करने तथा मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. नित्यानंद की जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य पर आज दून विश्वविद्यालय, देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने जयेंद्र सिंह राणा और संजय सत्यवली को सतत् हिमालयी पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डॉ. नित्यानंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन हिमालय, प्रकृति, समाज और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 1991 में उत्तरकाशी और 1999 में चमोली की आपदा के बाद डॉ. नित्यानंद ने बिना किसी देरी के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर राहत और पुनर्वास कार्यों का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जो आज भी श्रेष्ठ माना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि देहरादून में संचालित डॉ. नित्यानंद हिमालय शोध एवं अध्ययन केंद्र उनके विचारों को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। यह केंद्र हिमालयी अध्ययन, सतत विकास, आपदा प्रबंधन और नीति–निर्माण के क्षेत्र में नई दिशा दे रहा है।

**मुख्य सचिव बैठक**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में विश्व बैंक सहायतित उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट– यू–प्रिपेयर की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने यू–प्रिपेयर से संबंधित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए इनमें तेजी लाने के लिए लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्थानों पर दस आपदा आश्रय शीघ्र तैयार करने सहित यू–प्रिपेयर से संबंधित सभी कार्यों की समय–सीमा निर्धारित करने पर बल दिया। उन्होंने एसडीआरएफ की प्रशिक्षण सुविधा और 19 फायर स्टेशनों के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्य सचिव ने योजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे 45 पुलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि 45 में से 31 का कार्य आवंटित कर

दिया गया है। मुख्य सचिव ने शेष 14 पुलों का कार्य 30 जून तक आवंटित करने के साथ ही आठ सड़कों के निर्माण कार्य का आंवटन भी शीघ्र कराए जाने के लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए।

**पशु औषधि विक्रय केंद्र**

चम्पावत जिले में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर पशु औषधि विक्रय केंद्र खोले जांएगे। जिले के अपर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल जोशी ने बताया कि इसके लिए चम्पावत, लोहाघाट, बाराकोट और पाटी विकासखण्डों से चार आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों का संचालन एमपैक्स यानी बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा। इन केंद्रों से पशुपालकों को सस्ते दामों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी।

**कृशि मंत्री/बजट**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय बजट को राष्ट्र निर्माण का बजट बताया। आज अल्मोड़ा में केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश में कृषि, पशुपालन, पर्यटन व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को और सशक्त करेगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का आगामी बजट जनभावनाओं के अनुरूप होगा।

**भालू हमला**

उत्तरकाशी जिले के डुंडा विकासखंड के जुणगा गांव में आज भालू के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मखाल में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया।

...........